हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026



11 गौरव पथ में निर्माण से पूर्व बिजली विभाग ने गाड़े खंभे, नगर पालिका का नोटिस जारी



12 महाशिवरात्रि पर सिद्धेश्वर मंदिर में उमड़े श्रद्धालुजन






# आत्मानंद स्कूल लाहोद के प्रशस्ति पत्रों से लोगो गायब, विवाद गहराया, प्राचार्य ने मानी गलती

**गणतंत्र दिवस समारोह के बाद सामने आई चूक, सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय लाहौद में 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए प्रशस्ति पत्रों में आधिकारिक लोगो और स्वामी आत्मानंद की तस्वीर गायब मिली।


26 जनवरी को पूरे देश की तरह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय लाहौद में भी गणतंत्र दिवस समारोह पूरे उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण, देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने का क्रम शामिल था। छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र बांटे गए लेकिन के बाद जब विद्यार्थियों और अभिभावकों ने प्रमाण पत्रों को ध्यान से देखा, तो एक महत्वपूर्ण बात सामने आई। इन प्रमाण पत्रों में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का आधिकारिक लोगो और स्वामी आत्मानंद की तस्वीर गायब थी। उसकी जगह किसी अन्य लोगो का उपयोग किया गया था। यहीं से विवाद की शुरुआत हुई। फिर सोशल मीडिया में तेजी से वायरल होना शुरू हो गया।

**सोशल मीडिया से उठा तूफान :** बताया जा रहा है कि समारोह के बाद कुछ अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने प्रमाण पत्रों की प्रतियां सोशल मीडिया पर साझा की। देखते ही देखते तस्वीरें वायरल हो गईं। लोगों ने सवाल उठाना शुरू किया कि आखिर एक सरकारी विद्यालय में आधिकारिक पहचान के प्रतीक को कैसे हटाया जा सकता है। कुछ टिप्पणियों में इसे "गंभीर प्रशासनिक चूक" कहा गया, जबकि अन्य ने इसे "जानबूझकर की गई कार्रवाई" बताया। कई लोगों ने यह भी लिखा कि जब प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत चल ⏭ शेष पेज 11 पर

### प्राचार्य का ने मानी गलती

मामला तब और गंभीर हो गया जब मीडिया ने इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य केशव प्रसाद साहू से सवाल किए। प्राचार्य ने स्वीकार किया कि प्रमाण पत्र कहीं बाहर से नहीं छपवाए गए थे, बल्कि विद्यालय परिसर के कंप्यूटर लैब में तैयार किया गया। प्राचार्य ने अपनी गलती मानी और सर्टिफिकेट ठीक करवाने की बात कही। उन्होंने कहा प्रमाण पत्र प्रिंट कराते समय लोगो को मैं ध्यान नहीं दे पाया। स्कूल में ही मेरे द्वारा सर्टिफिकेट प्रिंट कराया गया था। मैं गलती स्वीकार करता हूं। इसे ठीक करा दिया जाएगा।




**जिला शिक्षा अधिकारी की प्रतिक्रिया :** जब मामला जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे के संज्ञान में आया, तो उन्होंने इसे गंभीर बताया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वामी आत्मानंद विद्यालयों का लोगो आधिकारिक है और उसे बदलने का अधिकार किसी को नहीं है। हालांकि अभी तक औपचारिक जांच की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन विभागीय स्तर पर चर्चा शुरू हो चुकी है।

### अभिभावकों में नाराजगी

विद्यालय से जुड़े कई अभिभावकों ने घटना पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि बच्चों को दिए जाने वाले प्रशस्ति पत्र केवल औपचारिक दस्तावेज नहीं होते, बल्कि उनके परिश्रम और उपलब्धि की पहचान होते हैं। यदि उन प्रमाण पत्रों में आधिकारिक पहचान ही नहीं हो, तो उनकी वैधता और गरिमा प्रभावित होती है। कुछ अभिभावकों ने मांग की है कि यदि प्रमाण पत्र गलत प्रारूप में जारी हुए हैं, तो उन्हें वापस लेकर सही प्रारूप में दोबारा जारी किया जाए। उनका कहना है कि बच्चों की उपलब्धियों के साथ किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती।

---

**खबर संक्षेप**

### जिपं सभापति ने घायल महिला से की मुलाकात



**हिरमी रावण।** ग्राम पंचायत मोहरा में दशगात्र कार्यक्रम के उपरांत तालाब किनारे स्थित पुराने कदम पेड़ की भारी डाली टूटकर गिरने से गंभीर रूप से घायल महिला का हालचाल जानने जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति डॉ. मोहन लाल वर्मा अपने साथीगणों के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों से महिला के स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं उनकी जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### स्वीपर कालोनी के नए भवन निर्माण को मिली मंजूरी, सफाई कर्मचारियों में खुशी

**बलौदाबाजार।** जिला मुख्यालय में दो स्वीपर कालोनी है जिसके नए निर्माण के लिए 1 करोड़ 17 लाख 14 हजार की स्वीकृति मिलने पर सफाई कामगारों में हर्ष का माहौल है मकान अत्यंत जर्जर अवस्था में है खपरा वाले पुराने मकान जिसमे नगर पालिका के सफाई कर्मचारी रहते है इनका निर्माण लगभग 60 वर्ष पहले हुआ था, यह भवन बहुत ही जीर्ण शीर्ण हो गया था एवं रहने लायक नहीं था। कालोनी वासी लगातार नए भवन की मांग कर रहे थे, लेकिन अभी तक नहीं हो पाया था। कर्मचारियों के मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा को कालोनी का निरीक्षण कराया और स्वीपर कालोनी के जर्जर मकान में निवासरत लोगो से मुलाकात कराई गयी जिस पर नया मकान निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया था, जिसकी आज स्वीकृति भी प्राप्त हो गई। कालोनी वासियो ने कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा जी व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### भाटापारा में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण 16 से

**बलौदाबाजार।** भारत सरकार के रैंप योजना अंतर्गत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले एनआईएमएसएमई हैदराबाद द्वारा सेक्टर स्पेसिफिक ट्रेनिंग प्रोग्राम में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस फूड प्रोसेसिंग प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में 16 फ़रवरी से में आयोजित किया जाएगा।प्रशिक्षण हेतु पहला बैच 16-से 18 फरवरी, दूसरा बैच 19 से 21 फरवरी, तीसरा बैच 23-से 25 फरवरी एवं चौथा बैच 26- से 28 फरवरी को आयोजित होगा। प्रशिक्षण समय सुबह 10:30 बजे से शाम के 4:30 बजे तक होगा। इस प्रशिक्षण में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस,फूड प्रोसेसिंग से संबंधित नई तकनीक, नए उत्पादों, मशीनरी, आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा, साथ ही साथ ब्रांडिंग, पैकेजिंग मार्केटिंग, आवश्यक सर्टिफिकेशन एवं बिजनेस डेवलपमेंट पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में फूड प्रोसेसिंग और माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस से ⏭ शेष पेज 11 पर

---

### भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए सुबह से लगी कतार

# महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर व्यापक उत्साह के साथ भक्तों ने रविवार को मंदिरों में माथा टेककर भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की वहीं घरों में भगवान शिव की गाथाओं के साथ भजन कीर्तन हुए । मंदिरों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा । समूचे अंचल में शिव मंदिरों में विधिवत धार्मिक आयोजन के साथ भंडारे में लोग शामिल हुए। प्रसादी के तौर पर लोगों ने मंदिरों और अलग-अलग इलाकों में आयोजित भंडारे में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

- घरों में भजन-कीर्तन और व्रत के साथ मनाई गई महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि पर्व पर आज रविवार को मंदिरों में ओम नमः शिवाय की गूंज सुनाई । महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की जयघोष के साथ ही घंटियों की आवाज से मंदिरों में भक्तिमय माहौल हो गया। महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ की लगी रही। महाशिवरात्रि का दिवस धार्मिक मान्यता के अनुसार विशेष रहता है । भगवान शंकर की विशेष पूजा पूजा का यह अवसर ऐसा माना जाता है कि यह दिल से निकली आवाज भगवान भोलेनाथ स्वीकार कर भक्तों की मनचाही मुराद पूरी करते हैं। इसी मान्यता को लेकर श्रद्धालु भक्तजन महाशिवरात्रि पर्व पर स शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना करते हैं।



### माथा टेक कर खुशहाली की कामना की

महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ को दूध, बेलपत्र समेत अन्य पूजन सामग्रियां अर्पित कर पूजा-अर्चना की। भगवान शिव की आराधना के लिए महिलाओं से लेकर हर तबके के लोग जल, धतूरे और फल-फूल, दूध अर्पित कर। इसके अलावा श्रद्धालुओं द्वारा व्रत रखकर घर परिवार की खुशहाली की कामना की। इधर नगर के बालाजी मंदिर, अर्धनारीश्वर मंदिर केसला में शिव मंदिर स्थित मंदिर समेत शहर के अलग-अलग इलाकों के शिव मंदिरों में भक्तों माथा टेक कर खुशहाली की कामना की ।



### बिलाईगढ़ में हर-हर महादेव के जयकारे की गूंज

**बिलाईगढ़।** पावन पर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर बिलाईगढ़ अंचल पूरी तरह शिवमय हो उठा। क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों—शिवडोंगरी धनसीर, जैतपुर, बिलाईगढ़, धौराभाठा और छुईहा—में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के गगनभेदी जयकारों से समूचा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

भोर होते ही शिवभक्तों ने भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं बेलपत्र अर्पित कर पूजा-अर्चना की। मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और शिव स्तुति का आयोजन भी किया गया, जिससे श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर विभिन्न समितियों और श्रद्धालुओं के सहयोग से भंडारे एवं प्रसादी का व्यापक आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर बिलाईगढ़ अंचल के शिवालयों में उमड़ी श्रद्धा की यह अविरल धारा देर शाम तक जारी रही, जिससे पूरा क्षेत्र शिव भक्ति में सराबोर नजर आया।

---

### निर्माणाधीन छज्जे के गिरने से मां-बेटे की मौके पर मौत



**भटगांव।** भटगांव थाना क्षेत्र में दर्दनाक घटना सामने आई है। शनिवार शाम 4 बजे ग्राम पंचायत गिरवानी के आश्रित ग्राम मधुबनकला में घर के आंगन में बैठकर बात कर रहे मां बेटे के ऊपर अचानक से निर्माणाधीन छज्जा गिर गया इसके चपेट में जाकर नीचे दबने से मां बेटे की दर्दनाक मौत हो गई मृतक की पहचान श्याम सुंदर बंजारे उम्र 55 वर्ष तथा उनकी मां का नाम ननकी भूरी बंजारे (75) के रूप में हुई है घटना के बाद भटगांव पुलिस को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद भटगांव पुलिस मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मामले की जांच जारी

थाना प्रभारी शिवकुमार धारी ने बताया कि शाम 4 बजे सूचना मिल की मधुबनकला गांव में घटना घटी है मौके पर जाकर देखा तो दो लोगों की मौत हो गई थी मृतक अपने घर के लेटर के सामने छज्जा को 6 महीना पहले बनाए थे जिसके अंदर छोटा बिंब लगाया था इसके साथ ही पीछे तरफ किसी भी प्रकार की सपोर्ट नहीं लगाया गया था साथ ही दीवाल में भी किसी भी प्रकार की कनेक्टिविटी नहीं थी इस कारण से अचानक से छज्जा गिर गया। फिलहाल दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए बिलाईगढ़ भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच भटगांव पुलिस के द्वारा की जा रही है ।

---

### बलौदाबाजार कॉलेज में हुआ राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम



**बलौदाबाजार।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार के यूथ रेडक्रॉस इकाई एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ विभाग द्वारा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम दिनांक 10 से 12 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन काराया गया। इस कार्यक्रम में फाइलेरिया के लक्षण, कारण, रोकथाम उपचार बताते हुए ⏭ शेष पेज 11 पर

- विद्यार्थियों व स्टाफ ने लिया सक्रिय भाग

### गांजा तस्करी के नेटवर्क पर पुलिस का शिकंजा, मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**सेल।** पुलिस चौकी बया द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं बिक्री के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर सप्लाई चैन को तोड़ने में सफलता प्राप्त की गई है। पूर्व में इस प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनके माध्यम से गांजा की तस्करी और बिक्री की जा रही थी।मुखबिर सूचना के आधार पर 7 जनवरी 2026 को साइबर सेल एवं चौकी बया की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम बार में घेराबंदी कर आरोपी सूरज सेन उर्फ परसूराम एवं फलेश साहू को स्कूटी से गांजा तस्करी करते हुए पकड़ा गया था।



कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 7.938 किलोग्राम गांजा, जिसकी कीमत 3,96,900 बताई गई है, एक बिना नंबर की स्कूटी तथा एक मोबाइल फोन जब्त किया था। इस संबंध में थाना राजादेवरी में अपराध क्रमांक 06/2026 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले की एंड-टू-एंड विवेचना करते हुए पुलिस टीम ने गांजा की सप्लाई करने वाले मुख्य सप्लायर की पहचान की। विवेचना के दौरान उड़ीसा राज्य से गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी कुलमणी साहू उर्फ घसिया को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने पूर्व में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को गांजा सप्लाई करना स्वीकार किया।

---



### आदिवासी गोंड़ समाज ने गिधौरी में निकाली भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

महाशिवरात्रि के अवसर पर गोंड समाज संयुक्त कटगी, कसडोल, सोनाखान राज के तत्वावधान में ग्राम गिधौरी के महानदी किनारे बुढादेव ठाना विश्राम वट में आदर्श सामूहिक विवाह समारोह एवं कलश यात्रा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रविवार को क्षेत्र के गोड आ दि वा सी समाज के लोग हजारों से ज्यादा महिला पुरूष, बच्चे सहित पहुंचे हुए थे और यह आयोजन वट विश्राम में मेला जैसे भारी संख्या एकजुट हुए थे।

- कार्यक्रम के दौरान हुआ एक जोड़े का विवाह

सर्वे प्रथम विश्राम वट से कलश यात्रा प्रारंभ किया गया जिसमें पंडित मुकेश शर्मा की अगवाई में बाजे गाजे के साथ बस्ती होते हुए गिधौरी शिवरीनारायण महानदी त्रिवेणी संगम में भारी संख्या में महिलाओं ने जलभर वापस बुढादेव ठाना विश्राम वट पहुचीं और मंचन कार्यक्रम के साथ भजन किर्तन और बच्चों द्वारा डांस प्रस्तुत किए गये और एक जोड़े की विवाह कार्यक्रम में वर वधु पक्ष के लोग तेलवाही में जमकर डांस किया गया।

#### ये रहे मौजूद

कटगी राज अध्यक्ष प्रतापसिंह नाग, उपाध्यक्ष जग सिंह ठाकुर, सचिव रामायणसिंह पोर्ते, कसडोल राज दिलहरण सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष शंकर सिंह जगत, सचिव सुरेश कुमार नेटी, बंशीलाल जगत, कोषाध्यक्ष राजकुमार रमरावी, सोनाखान राज रामायण सिंह, उपाध्यक्ष कुमार सिंह, महिला प्रभाग सरिता पोर्ते अध्यक्ष, चारबाई मरावी अध्यक्ष, सुनीता जगत अध्यक्ष, हरबाई पोर्ते, कार्यकारिणी, पूरे क्षेत्र के आदिवासी एवं गिधौरी के जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी भारी संख्या में मौजूद रहे।



---

**भाजपा जिला कार्यालय बलौदाबाजार में हुई प्रेस वार्ता**

# केंद्रीय बजट 2026 दूरदर्शी व जनकल्याणकारी: टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भाजपा जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि एनडीए सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट जनकल्याणकारी, दूरदर्शी तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ता हुआ मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का महत्वपूर्ण आर्थिक दस्तावेज है, जो विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला सिद्ध होगा।

मंत्री श्री वर्मा ने बताया कि 12 लाख रुपये तक की आय पर आयकर नहीं लगाने का निर्णय मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत है। यह बजट महंगाई पर नियंत्रण, रोजगार सृजन और निवेश को बढ़ावा देने के साथ आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करेगा तथा समावेशी विकास को गति देगा।




शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए पिछले वर्ष 1,28,650.05 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें उच्च शिक्षा के लिए 50,077.95 करोड़ रुपये तथा स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग के लिए 78,572 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए। पीएम श्री स्कूलों के विकास, 50 हजार अटल टिंकरिंग लैब्स की स्थापना तथा भारतीय भाषाओं में डिजिटल पुस्तकों के लिए 'भारतीय भाषा पुस्तक परियोजना' प्रारंभ करने की घोषणा की गई है। बजट में अगले एक वर्ष में 10 हजार तथा पांच वर्षों में 75 हजार मेडिकल सीटें बढ़ाने, 5 नए आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने, 3 नए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च खोलने एवं 7 मौजूदा संस्थानों के उन्नयन का प्रावधान है। साथ ही 5 नए आईआईटी में 6500 सीटों की वृद्धि की जाएगी। सरकार ने बायो-फार्मा शक्ति की स्थापना हेतु 10 हजार करोड़ रुपये, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर 500 करोड़ रुपये तथा निजी क्षेत्र संचालित अनुसंधान एवं नवाचार के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। भारतनेट परियोजना के माध्यम से ग्रामीण माध्यमिक स्कूलों में ब्रॉडबैंड सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष अजा मोर्चा डॉ. सनम जांगड़े, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, नपा अध्यक्ष अशोक जैन, विजय केशरवानी सहित जिला एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आलोक अग्रवाल, राकेश ध्रुव, रितेश श्रीवास्तव, हितेश रात्रे, मदन वर्मा, सरिता मार्के, वेदांत रजक, योगेश अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### अरंड जंगल में दिखे तेंदूए

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड के जंगल कक्ष क्रमांक 223 में तेंदुआ देखने को मिला है। रास्ता क्रॉस कर कक्ष क्रमांक 222 में तेंदुआ पहुंचा। पहाड़ी पर ठाकुरदिया मार्ग से बुंदेली मार्ग है। जिसमें तीन तेंदुओं को इस रास्ते से गुजर रहे विमल दास मानिकपुरी और पूनम मानिकपुरी ने देखा। ये तेंदूए कक्ष क्रमांक 222 में चंदवा डोंगरी पहाड़ी के नीचे थे। सूचना पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर छविराम साहू तत्काल वहां पहुंचे। वहीं राकेश ध्रुव बीट गार्ड, अमृतलाल बीट गार्ड ने गांवों में मुनादी करा दी है। चौकीदार सुभाष, राजकुमार, शोभाराम ध्रुव आदि विभागीय कर्मचारियों द्वारा गश्त किया जा रहा है।



### कर्मा सेना पटेवा मंडल के अध्यक्ष बने रुमेश

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक अशवंत तुषार साहू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के तत्वावधान में मंडल का गठन हुआ। पटेवा मंडल अध्यक्ष रुमेश साहू, उपाध्यक्ष शुभम साहू, सचिव कुशल साहू, अन्य सदस्य की उपस्थित रहे। अध्यक्ष रुमेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज की एकता का मुख्य संदेश संगठन में ही शक्ति है और सामाजिक समरसता है, जो भाईचारे, शिक्षा प्रसार, कुरीतियों को खत्म करने और गरीब से गरीब व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़कर समाज के समग्र विकास पर जोर देता है। माता कर्मा देवी के आदर्शों पर चलते हुए शिक्षित, जागरूक और एकजुट समाज बनाने का संकल्प, गौरवशाली इतिहास के साथ युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने का मार्गदर्शन देना है।

पुलिस कमिश्नर कार्यालय गृहमंत्री के बंगला में शिफ्ट होगा

# पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों की बैठक व्यवस्था अगले सप्ताह बदलने जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुए तीन सप्ताह हो गए। पुलिस कमिश्नरेट में जिल डीसीपी को कार्यालय नहीं मिल पाया था, उन अधिकारियों के लिए भी कार्यालय के जगह का यचन कर लिया गया है।

इसके साथ ही सोमवार से पुलिस कमिश्नर के अलावा पुलिस कमिश्नरेट के अन्य अफसर अपनी न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धाराओं का प्रयोग कर गुंडे बदमाशों को जेल भेजने के साथ उनकी जमानत की सुनवाई करेंगे। जारी आदेश के मुताबिक पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला का कार्यालय अगले सप्ताह के अंत तक गृहमंत्री के बंगले में शिफ्ट हो जाएगा। इसके अलावा रायपुर सेंट्रल जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर का कार्यालय वर्तमान में पुराना पीएचक्यू के एसआईबी बिल्डिंग में संचालित हो रहा है। उनका कार्यालय वर्तमान में जीई रोड स्थित पुराना राजस्व कमिश्नर कार्यालय जहां पुलिस कमिश्नर का कार्यालय संचालित हो रहा है, वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। इसी तरह से रायपुर वेस्ट के डीसीपी संदीप पटेल के कार्यालय के लिए जगह का निर्धारण कर लिया गया है। क्राइम डीसीपी का कार्यालय सिविल लाइंस से शिफ्ट होकर पुराना पीएचक्यू स्थित एसआईबी बिल्डिंग में शिफ्ट हो जाएगा। ट्रैफिक डीसीपी का कार्यालय सी-4 बिल्डिंग में निर्धारित किया गया है।

## पुलिस कमिश्नरेट का दफ्तर छोटा, नई जगह शिफ्ट करने कमिश्नर ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीई रोड स्थित पुराना आयुक्त कार्यालय में संचालित पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय काफी छोटा है। वर्तमान दफ्तर में पुलिस कमिश्नर के साथ एसीपी के बैठने की व्यवस्था है। क्लरिकल काम के लिए तय अनुपात से काफी छोटी जगह दी गई है। जगह की कमी को देखते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ.




### शासन को भेजा है पत्र

*वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट के लिए आवंटित जगह काफी छोटी पड़ रही है। नई ऑफिस के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। इसके लिए शासन स्तर पर निर्णय लिया जाएगा।*

### अब तक ट्रैफिक डीसीपी, पश्चिम डीसीपी को नहीं मिला कार्यालय

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली शुरू हुए एक पखवाड़े से ज्यादा समय बीत गया है। बावजूद इसके कई अफसरों को अब तक कार्यालय नहीं मिला है। इनमें रायपुर पश्चिम जोन के डीसीपी के साथ ट्रैफिक डीसीपी को अब तक कार्यालय आवंटित नहीं किया गया

### न्यायिक शक्तियों के इस्तेमाल से कार्रवाई में तेजी

सोमवार से पुलिस कमिश्नरेट के अफसर अपनी न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए सुनवाई कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर सकते हैं। अफसरों द्वारा अपनी न्यायिक शक्तियों के प्रयोग करने से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार बदमाशों को एडीएम, एसडीएम कोर्ट में पेश नहीं करना पड़ेगा।

## बजट की सहीं जानकारी युवाओं तक पहुंचाने हुआ युवा संवाद कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

केंद्रीय बजट 2026 को युवाओं के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने तथा बजट को लेकर युवाओं का विचार जानने 13 फरवरी को स्थानीय बीटीआई रोड विधायक कार्यालय परिसर में भाजपा जिला युवा मोर्चा द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, धरसीवां विधायक अनुज शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, इंद्रजीत सिंह गोल्डी आदि का आभार व्यक्त किया।

अमन ने बजट को युवाओं व स्टार्टअप के हित में बताते हुए कहा कि आमतौर पर बजट के बारे में लोगों को जानकारी नहीं हो पाती, इसलिए बजट में किए गए जनकल्याणकारी प्रावधानों से आमजन को अवगत कराने युवा मोर्चा द्वारा युवा संवाद कार्यक्रम रखा गया था। यह बजट खासतौर पर युवाओं, मध्यम वर्ग और स्टार्टअप्स को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बजट की सही जानकारी युवाओं तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। ताकि, भ्रम और विपक्ष के दुष्प्रचार से बचा जा सके। बजट में रोजगार सृजन, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस प्रावधान किए गए हैं। युवाओं को स्वरोजगार और स्टार्टअप के माध्यम से आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं और बजट के लाभ आम लोगों तक पहुंचाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करें।

## भाजपा के स्वीकृत काम को अपना श्रेय ले रही कांग्रेस विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

- सरला कोसरिया ने कहा : स्थानीय विधायक अखबारों में झूठी वाहवाही लूट रही



महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने कहा कि स्थानीय विधायक सिर्फ़ अखबारों में झूठी वाहवाही लूट रही हैं, असली विकास भाजपा के सांसद रूपकुमारी चौधरी, महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, पूर्व विधायक द्वय त्रिलोचन पटेल, रामलाल चौहान, जिला उपाध्यक्ष बिपीन उपोवेजा, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंह नायक, नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती चंद्रकुमार पटेल, जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, देवकी दीवान और लोकनाथ बारी आदि भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं राजेंद्र नायक, स्वर्ण सिंह सलूजा, कामता पटेल, धनेश नायक, चंद्रकुमार पटेल और मंडल अध्यक्ष व जनपद सदस्यों की मेहनत से हो रहा है।

उन्होंनें कहा कि सरायपाली की जनता अब थक चुकी है इस ड्रामे से। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब पांच सालों में विकास की एक ईंट भी नहीं रखी गई। सड़कें टूटीं, पानी नहीं, बिजली की किल्लत, स्कूल-आंगनबाड़ी जर्जर। लेकिन जैसे ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई, विकास की गंगा बहनी शुरू हो गई। नई सड़कें, पुल, सिंचाई, स्कूलों का जीर्णोद्धार, हर विभाग में कामों की बाढ़!फिर भी सरायपाली की विधायक सिर्फ़ वाहवाही लूटने में माहिर हैं।

## डोकरपाली में त्रि-दिवसीय रामायण कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

खल्लारी विधानसभा अंतर्गत ग्राम डोकरपाली में आयोजित त्रि-दिवसीय रामायण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी एवं अध्यक्ष अखिल भारतीय कंवर समाज केंद्रीय कार्यालय पमशाला जिला जशपुर कौशल्या देवी साय के आगमन के साथ हुआ।

शुभारंभ अवसर पर कौशल्या देवी साय ने अपने उद्बोधन में भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रामायण भारतीय संस्कृति, मर्यादा, कर्तव्यपरायणता और आदर्श जीवन का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने समाज में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा को हम सभी का दायित्व बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन, दबाव या छल के माध्यम से होने वाला धर्मांतरण समाज में विघटन उत्पन्न करता है, इसलिए समाज को जागरूक एवं संगठित रहना आवश्यक है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श शासन, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक समरसता का मार्गदर्शन करने वाला ग्रंथ है। भगवान श्रीराम का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। पूर्व सांसद चुन्नीलाल ने अपने संबोधन में कहा कि रामायण हमारे भारतीय समाज की आत्मा है। भगवान श्रीराम ने त्याग, सत्य, तपस्या और न्याय के माध्यम से आदर्श जीवन की स्थापना की। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

इस अवसर पर अलका नरेश चंद्राकर छाया विधायक, रवि फरोदिया सभापति जिला पंचायत महासमुंद, धनंजय साहू जनपद सदस्य, जानवी साहू जिला उपाध्यक्ष, पीलेश्वर पटेल, जितेंद्र साहू, सरपंच रूपेश साहू, मंडल अध्यक्ष मायाराम साहू, हेमंत साहू, भूमि विनय साहू, सरपंच वासना दीवान, कोमल दीवान, हीरा सिंह दीवान, बजरंग अग्रवाल, विजय देवांगन, कैलाश साहू (सरपंच बिहार), उपसरपंच धनुराम निषाद, जीवाखान साहू आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी आनंद साहू जिला मीडिया प्रभारी भाजपा ने दी है।

## आवास योजना के तहत बने मकानों का निरीक्षण करने पहुंची हुलसी

### 2025–26 के लक्ष्य व स्वीकृति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए

जनपद क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण करने हुलसी चंद्राकर पहुंची। इस दौरान उन्होंने न केवल निर्माणाधीन व पूर्ण आवासों की भौतिक स्थिति देखी, बल्कि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लक्ष्यों और प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2025–26 में महासमुंद विकासखंड के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कुल लक्ष्यः 4, 798 आवास पात्र हितग्राहीः 3, 548 स्वीकृत आवासः 3, 504 निरीक्षण के दौरान हुलसी चंद्राकर ने लाभार्थियों से चर्चा कर आवास निर्माण की गुणवत्ता, किस्तों के भुगतान, शौचालय, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर योजना का लाभ मिले। कुछ स्थानों पर हितग्राहियों ने किस्त भुगतान एवं निर्माण में देरी की समस्या रखी, जिस पर हुलसी चंद्राकर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के लिए सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने की योजना है और इसमें लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। इस अवसर पर जनपद के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



## शिक्षक संघ के निर्वाचन में रोहिणी उपाध्यक्ष एवं जयराम सचिव चुने गए



**अरंड(पिथौरा)।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई महासमुंद के निर्वाचन में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरंड के प्रधान पाठक रोहिणी कुमार देवांगन उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। वहीं सचिव पद पर शाला के ही शिक्षक जयराम पटेल निर्विरोध निर्वाचित हुए। दोनों के निर्वाचन पर संकुल के शिक्षकों ने हर्ष जताया है। जिसमें संकुल प्राचार्य नमोकंकण प्रसाद तिवारी, व्याख्याता सोनसाय पटेल, प्रदीप कर, शैलेंद्र सिन्हा, नकुल राम साहू, सियाराम साहू ,डीगम साहू, डोलमणी साहू, पालेश्वर पटेल, रेहाना बानो, नरसिंह पटेल, अभिनंदन नाग आदि शामिल है।

## होली फेथ स्कूल में हुआ ओपन माइक कंपीटिशन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

द न्यू होली फेथ स्कूल में ओपन माइक कंपीटिशन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम से हुआ। तत्पश्चात चेयरमैन महेंद्र जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मनुष्यों के अंदर कुछ न कुछ विशेष खूबियां होती है, उन खूबियां को पहचानने के लिए सुअवसर की आवश्यकता होती है, जो रंगमंच के माध्यम से ही प्राप्त होती है। इसी के तहत अभिव्यक्ति कौशल थीम द्वारा होनहार बच्चों कला, अभिनय, मेलोडियस मधुर सस्वर गीत संगीत, गजल, शायरी, वाद्ययंत्रः तबला वादन, ढोलक वादन, हारमोनियम द्वारा सात सुरों के सरगम से होली फैथ पाठशाला, प्रांगण श्रृंगार रस, वीर रस, हास्य रस, माधुर्य, ओज, प्रसाद गुण से सराबोर हो गया। यह आयोजन प्राचार्य शर्वरी पींचा के मार्गदर्शन में हुआ। प्राचार्य ने कहा कि किताबें हमारा मित्र है। बच्चों के किताबों से सीखे शिक्षण अधिगम, अभिरुचि को मंच द्वारा परखने से विविध कला विद्या ज्ञात होती है। कक्षा एलकेजी से कक्षा ग्यारहवीं तक लगभग 200 बच्चे प्रतिभागी रहे। सभी बाल कलाकारों ने एक से बढ़कर एक एकल, युगल प्रस्तुति दिए। जैसे संचालन कर्ता, अभिनय, गीतकार, संगीतकार आदि। कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ शिक्षक जयेश जैन थे, जिन्होंने अपने परिकल्पना से बच्चों के मन को पढ़ा।




समझा और अद्भुत अकल्पनीय मौका प्रदान किए। संचालन कक्षा सातवीं छात्राओं, तारिणी साहू एवं झरना साहू ने संयुक्त रूप से किए। शिक्षिका सरोज सोनवानी के मार्गदर्शन में, सरोज ने बच्चों को तराशकर नायाब, कोहिनूर कलाकार बनाए। निर्णायक कार्य शिक्षक प्रीतपाल सिंग, अनिशा यदु, फोटोग्राफी शिक्षिका खेमे चंद्राकर, प्रियंका षड़ंगी एवं आयुष अग्रवाल, मैनेजमेंट वरिष्ठ शिक्षिका पूजा कामदार, आरती झा एवं आकांक्षा मिश्रा थे।

## सोलर पावर प्लांट स्थापना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा से लगे विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत जंगलबेड़ा में प्रस्तावित सौर ऊर्जा परियोजना को लेकर विवाद ने अब गंभीर रूप ले लिया है। गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड द्वारा शासकीय भूमि पर सोलर पावर प्लांट स्थापित किए जाने के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। परियोजना के खिलाफ ग्रामीण धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसे स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ क्षेत्रीय विधायक का भी समर्थन प्राप्त है। इसी कड़ी में मंगलवार देर रात बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्थानीय नेता एवं विधायक अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय सरायपाली पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार सरायपाली सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से उन्हें कोई ठोस एवं संतोषप्रद आश्वासन नहीं दिया गया। स्पष्ट निर्णय या लिखित भरोसा न मिलने से नाराज़ ग्रामीण एसडीएम कार्यालय परिसर में ही डटे रहे। उल्लेखनीय है कि बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक लापरवाही और संवादहीनता के चलते आमजन को नुकसान उठाना पड़ा है।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ निर्वाचन में अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर निर्वाचन

# अनिल पटेल बने छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला इकाई का निर्वाचन प्रांतीय निर्देशानुसार निर्वाचन अधिकारी अरुण प्रधान प्राचार्य डाइट महासमुंद, पर्यवेक्षक रुपेंद्र साहू जिला संगठन मंत्री गरियाबंद, सहायक निर्वाचन अधिकारी मानिक साहू एवं जिला निर्वाचन प्रभारी उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय महासमुंद में हुआ। अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदार चुनाव मैदान में थे, जिसमें अनिल पटेल 41 मत प्राप्त कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं भगोलीराम साहू को 27 मत प्राप्त हुए। सचिव पद के लिए जयराम पटेल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। उपाध्यक्ष 3+01 (महिला) के लिए तोपसिंह पटेल (बसना), रोहिणी कुमार देवांगन (पिथौरा), टंकेश्वर जायसवाल सरायपाली एवं अनिता सिन्हा महासमुंद निर्वाचित हुई। कोषाध्यक्ष नारायण प्रसाद नायक (बसना) बनाए गए। उपसचिव पद के लिए निर्वाचन की स्थिति निर्मित हुई। जिसमें टोहन कुमार देवांगन महासमुंद, प्रकाशचंद्र टंडन बागबाहरा, सविता साहू सरायपाली एवं प्रीति कर्माकर महासमुंद निर्वाचित घोषित हुई।



इस पद के लिए हुए निर्वाचन में सविता साहू सर्वाधिक 58 मत प्राप्त की। कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित के लिए दाऊसिंह दीवान बागबाहरा, शैलेंद्र नायक सरायपाली, उत्तम कुमार वर्मा महासमुंद एवं चेतन सिंह दीवान महासमुंद निर्वाचित हुए।

जिला निर्वाचन प्रभारी टेकराम सेन ने निर्वाचन पश्चात संबोधित करते हुए कहा कि छग शिक्षक संघ सदैव राष्ट्रहित शिक्षा हित शिक्षार्थी हित एवं शिक्षक हित के चार पुरुषार्थों के साथ राष्ट्र सेवा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम सभी शिक्षक संघ के सदस्य व कार्यकता हैं। उपप्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि छग शिक्षक संघ का बागडोर हमारे अभिन्न साथी एलबी संवर्ग के हाथों हस्तांतरित हुआ है एवं बहुत सारे पदों पर एलबी संवर्ग के साथी निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन को संपन्न कराने में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले, संभागीय सचिव ओंकार वर्मा, अशोक शर्मा, चंद्रहास पात्र, भागवत जगत, डी. बसंत साव, किशोर कुमार रथ, यूके दास, रोहिणी देवांगन, जैनेंद्र चंद्राकर, खगेंद्र तारक, भगोलीराम साहू सहित समस्त पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी भगोलीराम साहू एवं डी बसंत राव ने दी है।

## महाकाल की बारात में शामिल हुए भाजपाई



**महासमुंद।** महाशिवरात्रि पर्व पर वार्ड क्रमांक 14 गंजपारा से महाकाल की बारात भव्य बाजे गाजे आतिशबाजी के साथ निकाली गई। शिव की बारात में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, युवा नेता जय तंबोली, साहिल गुप्ता शामिल हुए। इस मौके पर आयोजक समिति की सराहना करते हुए नपाउपाध्यक्ष राठी ने कहा कि देवो के देव महादेव पूरे संसार में व्याप्त हैं। उनके बिना कोई भी कार्य संपन्न नहीं है। महादेव व माता पार्वती के विवाह की शुभरात्रि है। आज पूरे देश में उल्लास एवं हर्ष का वातावरण है।

# गौरव पथ में निर्माण से पूर्व बिजली विभाग ने गाड़े खंभे, नगर पालिका का नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

नगर पंचायत की महत्वाकांक्षी गौरव पथ परियोजना के निर्माण से पहले ही दो सरकारी विभागों के बीच ठन गई है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नियमों को ताक पर रखकर किए गए विद्युतीकरण कार्य ने शहर की जल निकासी और पेयजल व्यवस्था को संकट में डाल दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बिजली विभाग के सहायक यंत्री को कड़ा नोटिस जारी करते हुए 'आपराधिक अतिक्रमण' की श्रेणी में रखा है। साथ तीन दिनों के भीतर अवैध पोल हटाने का अल्टीमेटम दिया है।

**क्या है पूरा मामला :** नगर के हृदय स्थल माने जाने वाले मुख्य मार्ग नगर पंचायत कार्यालय से बिजली ऑफिस व न्यायालय परिसर तक गौरव पथ का निर्माण प्रस्तावित है। स्वीकृत डीपीआर के अनुसार, सड़क के मध्य बिंदु से दोनों ओर 40-40 फीट कुल 80 फीट चौड़ाई आरक्षित है। बावजूद इसके, बिजली विभाग ने नगर पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए बिना और किसी तकनीकी समन्वय ना लेकर इसी आरक्षित सीमा के भीतर 11 केवी के नए पोल स्थापित कर दिए।

**जनता की प्यास पर भारी पड़ी लापरवाही** - नगर पंचायत द्वारा जारी नोटिस (क्रमांक 973) में स्पष्ट किया गया है कि पोल गाड़ने के लिए की गई खुदाई में शहर की मुख्य पेयजल पाइपलाइन और पक्की नालियां कई जगहों पर टूट गई हैं। इससे न केवल हजारों गैलन पानी बर्बाद हो रहा है, बल्कि वार्डों में जलापूर्ति बाधित होने का खतरा भी पैदा हो गया है।

### विद्युत विभाग ने बिना अनुमति लगाए पोल, पेयजल लाइन ध्वस्त

#### आला अफसरों को भी दी जानकारी

विकास कार्यों में मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना अनुमति पोल गाड़ने से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है। विभाग को नोटिस जारी कर 3 दिन में पोल हटाने और क्षतिपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर और एसडीएम को भी प्रतिलिपि भेजी गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, बिलाईगढ़



#### नोटिस की 3 बड़ी बातें-

- तत्काल हटाएं पोल बिजली विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सड़क की 80 फीट चौड़ाई की जद में आने वाले सभी पोल 3 दिन के भीतर अपने खर्च पर हटाएं।
- संयुक्त निरीक्षण अनिवार्य भविष्य में कोई भी पोल गाड़ने से पहले नगर पंचायत के उप-अभियंता के साथ स्थल का भौतिक सत्यापन करना अनिवार्य होगा।
- नुकसान पहुंचाने का कृत्य बताया है।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक सत्संग 18 से

**महासमुंद।** रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन 18-19 फरवरी को किया गया है। कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब ने बताया कि मुख्य वक्ता के रूप में श्री कबीर निर्णय मंदिर बुरहानपुर मध्य प्रदेश के अमोही साहेब व कबीर आश्रम ढेठा के बलवान साहेब का अपनी संत मंडली के साथ आगमन हो रहा है। प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बीजक पाठ, संध्या वंदन, भजन प्रवचन होगा। 19 फरवरी की दोपहर 2:30 बजे महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### झलप के छिलपावन चौक पर क्रेटा कार ने मचाया कोहराम

**महासमुंद।** जिले के झलप क्षेत्र अंतर्गत छिलपावन चौक के पास रविवार एक तेज रफ्तार क्रेटा कार के चालक द्वारा वाहन को अत्यंत लापरवाही और तेज गति से चलाने के कारण एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार और बस का इंतजार कर रहे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय दुकानदारों से मिली जानकारी के अनुसार, कार मुनगासेर (झलप) निवासी की बताई जा रही। एक क्रेटा कार काफी तेज गति में छिलपावन चौक की ओर आ रही थी। कार चालक ने सबसे पहले एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार को सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। बाइक को ठोकने के बाद अनियंत्रित कार सर्विस रोड की ओर जा घुसी। वहां बस के इंतजार में खड़े यात्रियों में से एक यात्री कार की चपेट में आ गया, जिससे उसका पैर टूटने की खबर है। एक अन्य व्यक्ति भी इस घटना में घायल बताया जा रहा है। अंत में कार डिवाइडर से टकराकर रुकी। बाल-बाल बचे अन्य लोग घटना के समय चौक और सर्विस रोड पर कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

## निधन

### मुस्कान गुंबर

**भाटापारा।** परशुराम वार्ड नारायणी 1 निवासी हरी किशन गुंबर की सुपुत्री मुस्कान गुंबर (24) का निधन रविवार को हो गया है



उनका अंतिम संस्कार सोमवार 16 फरवरी को सुबह 10 बजे नगर के हिन्दू मुक्तिधाम में होगा, मुस्कान हरभगवान सिंह गुंबर की भतीजी थी।

### वार्ड 11 में माल्यार्पण और पूजा-अर्चना से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

# मेहर समाज ने मनाई संत रविदास जयंती और निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय वार्ड क्रमांक 11 में मेहर समाज द्वारा संत रविदास जयंती के अवसर पर भव्य समारोह एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति आयोग छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने की। कार्यक्रम में डॉ. बलराम मिर्झा, रामाधार पटेल, पार्षद सुरेश घृतलहरे, पूर्व पार्षद कमल टंडन, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला तथा पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

- समाजजनों ने शिक्षा, नशामुक्ति और विकास परियोजनाओं पर दी गई सकारात्मक पहल

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में सनम जांगड़े ने संत रविदास के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताए आदर्शों समता, सद्भाव एवं सामाजिक समरसता को अपनाकर ही समाज की वास्तविक उन्नति संभव है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समाज के उत्थान हेतु संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने उपस्थित समाजजनों एवं महिलाओं को जयंती की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा पर विशेष बल देने तथा नशामुक्ति को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने छुआछूत एवं भेदभाव के विरुद्ध जो संदेश दिया, उसे आत्मसात करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर मेहर समाज द्वारा रखी गई मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए नपा अध्यक्ष ने बोर खनन की स्वीकृति प्रदान की तथा भवन हेतु बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। वार्ड पार्षद सुरेश घृतलहरे ने समाज की ओर से मांग पत्र सौंपा।





**ये रहे उपस्थित :** समारोह में मेहर समाज के अध्यक्ष मंगलुराम लहरी, टेकराम लसेल, भकाडू राम रात्रे, धनीराम लहरी सहित अन्य समाज प्रमुखों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में अनूप पाठक, रोहित कुमार तुरकाने, महेश कुमार (सरपंच), काशी लसेल, तनगु बघेल, शिव सोनवानी, कपूर तुरकाने, सूरज कुल्हाड़े, सोहन बघेल, सुरेश कबीरा, महेश बघेल, विनय महार, रितेश सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# नवगठित झेरिया यादव समाज बलौदा परिक्षेत्र की हुई बैठक

**गिधौरी/ सेल।** बलौदा परिक्षेत्र अंतर्गत नवगठित झेरिया यादव समाज की महत्वपूर्ण बैठक 14 जनवरी को यादव धर्मशाला भवन मुख्यालय बलौदा में आयोजित की गई, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का शुभारम्भ श्रीकृष्ण भगवान की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात सचिव शिव यादव ने बैठक की विषय पर प्रकाश ड़ालते हुए बैठक संचालन की जिम्मेदारी प्रवक्ता छोटेलाल यादव को सौंपा गया।

बैठक के दौरान समाज के कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक लेखा-जोखा एवं आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सामाजिक जनों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया।विगत 9 जनवरी 2026 की बैठक में प्रस्तावित नवगठित बलौदा परिक्षेत्र के अध्यक्ष बट्टूलाल यादव एवं अन्य पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी सामाजिक जनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रस्तावित अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का समर्थन करते हुए एकजुटता का परिचय दिया। तथा पूर्व में निर्वाचित अध्यक्ष संतोषकुमार यादव, उपाध्यक्ष चंदराम यादव एवं सहसचिव भरथरी यादव को उनकी विभाजनकारी नीति से क्षुब्ध प्रबुद्ध लोगों एवं सामजिक जनों ने पदाधिकारी मानने से इंकार कर दिया।



#### आपसी सहयोग के संकल्प के साथ समापन

बैठक में नवगठित समाज को संगठित करते हुए सामाजिक विकास, आपसी समन्वय एवं समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया गया। सभी उपस्थित जनों ने समाज को मजबूत एवं विकास की दिशा में आगे बढ़ाने हेतु मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक का समापन समाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं आपसी सहयोग के संकल्प के साथ किया गया। इस दौरान नवगठित बलौदा परिक्षेत्र की बैठक में सैकड़ों की संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# बिलाईगढ़ में तहसील साहू संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समारोह में ग्रहण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ में स्थित सामुदायिक भवन में नवनिर्वाचित तहसील साहू संघ बिलाईगढ़ एवं इसके अंतर्गत आने वाले परिक्षेत्र और नगर साहू संघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। तहसील अध्यक्ष के रूप में मेंदराम साहू ने शपथ ली। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से हम समाज को और भी आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। इसके लिए सभी की सलाह और विश्वास की आवश्यकता है हमारा समाज हमेशा एकता का प्रतीक है और आप सभी के विश्वास को मिटने नहीं दूंगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम साहू समन्वय समिति सदस्य, विशिष्ट अतिथि द्वारिका साहू, समन्वय समिति सदस्य, कामता प्रसाद साहू निर्वाचन अधिकारी, पंचराम साहू पूर्व जिला संरक्षक, शनि साहू पूर्व तहसील अध्यक्ष, रामगोपाल साहू समेत अन्य अतिथि उपस्थित रहे। वही तहसील पदाधिकारी के रूप में उपाध्यक्ष लोकनाथ साहू, महिला उपाध्यक्ष सियाबाई साहू, संगठन सचिव डॉ. सहदेव साहू, महिला संगठन सचिव संतोषी साहू, महासचिव कमलेश साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू ने विधि विधान से शपथ ली।

- सभी के सहयोग से समाज को आगे ले जाने का करेंगे प्रयास : मेंदराम



#### नगर व परिक्षेत्र अध्यक्षों ने भी की शपथग्रहण

इसके पश्चात नगर और परिक्षेत्र अध्यक्ष गणों ने भी शपथ ली। जिसमें प्रमुख रूप से बिलाईगढ़ से टेसराम साहू, पवनी से गोपाल साहू, टुण्डरी परिक्षेत्र से गोपाल साहू, खजरी से धनसाय साहू, धनसीर से शंकर साहू, सुतीउरकुली माधव साहू और नगरदा से डॉ. रामजी साहू साहू शामिल है। इसके पश्चात सभी नगर और परिक्षेत्र के अन्य पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम के पश्चात आए हुए अतिथियों ने अपना अपना संबोधन देकर साहू समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया वहीं इस कार्यक्रम में मंच संचालन कवि एवं शिक्षक भागवत साहू के द्वारा किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनी स्वतंत्रता सेनानी रेशमलाल जांगड़े की जयंती

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ के प्रगति नगर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रथम सांसद रेशमलाल जांगड़े की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील सतनामी समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रगति नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने रेशमलाल जांगड़े के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान तथा सामाजिक समरसता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके प्रयासों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि जांगड़े जी का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण की प्रेरणादायी मिसाल है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। इस अवसर पर उनके सुपुत्र हेमचंद जांगड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने पिता के आदर्शों पर चलते हुए समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। जयंती समारोह में समाज के अनेक पदाधिकारी, युवा एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## पेज 9 के शेष

### आत्मानंद स्कूल लाहोद के ...

रहे विद्यालयों के लिए स्पष्ट प्रारूप तय है, तो उसमें बदलाव का अधिकार किसे है।

**क्या कहते हैं नियमः** शिक्षा विभाग से जुड़े जानकारों का कहना है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए एक मानक प्रारूप निर्धारित है। इसमें लोगो, शीर्षक, रंग संयोजन और अन्य पहचान चिह्न स्पष्ट रूप से तय होते हैं। इनका उद्देश्य सभी विद्यालयों में एक समान पहचान बनाए रखना है। यदि किसी स्तर पर इस प्रारूप में परिवर्तन किया जाता है, तो सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक होता है। बिना अनुमति के आधिकारिक प्रतीकों में बदलाव नियमों के विपरीत माना जाता है।

### बलौदाबाजार कॉलेज में...

अधिकाधिक छात्र–छात्राओं तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ को भी दवा खिलाया गया। पेंटिग एंव निबंध प्रतियोगिता कराया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. ए.आर.सी.जेम्स के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी सहयोग प्रदान किये। रेडक्रॉस प्रभारी सुशीला गिलहरे, डॉ. रीता यादव, तारा पटेल, एफ मिंजए नरेन्द्र देव मिर्झा उपस्थित रहे।

### भाटापारा में माइनर ...

जुड़े हुए उद्यमी, महिला उद्यमी, स्व सहायता समूह एवं युवा साथी भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णता निशुल्क है प्रशिक्षण पश्चात प्रमाण पत्र दिया जाएगा एवं निशुल्क उद्यम पंजीयन कराया जाएगा।






सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
13 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:30, 6:00, 9:00 PM
आटा चक्की (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### बोड़रीदादर में कन्नौजे सेन समाज की वार्षिक बैठक आज

**कोमाखान।** कन्नौजे सेन समाज की रात्रिकालीन वार्षिक बैठक आज सोमवार को ग्राम बोडरीदादर स्थित चंडी मंदिर परिसर में रखी गई है। समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीचंद सेन, सचिव डेमन सेन ने बताया कि बैठक रात आठ बजे प्रारंभ होगी। बैठक में वार्षिक व्यय की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। तदुपरांत समाज उत्थान के लिए विभिन्न विषयों चर्चा कर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के दौरान सभी आवेदन (प्रकरण) पर मंथन कर उचित निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में कोमाखान के अलावा खरियार रोड, तेंदूकोना, बावनकेरा, गांजर व पिथौरा नगर से सामाजिक बंधुगण शामिल होंगे। अध्यक्ष व सचिव ने बैठक में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### वृद्धों को लॉयंस क्लब ने कराया भोजन

**महासमुंद।** मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर लायंस क्लब महासमुंद के सदस्यों ने आशियाना वृद्धाश्रम के लोगों को भोजन कराया। आश्रम के 25 बुजुर्गों के अलावा घरौंदा विकलांग सदन के 25 विकलांग और दोनों संस्थाओं के 15 स्टाफ सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही लॉयंस द्वारा वृद्धाश्रम की अन्य जरूरतों के संबंध में भी जानकारी ली गई। तत्पश्चात लायन प्रकाश साकरकर ने एक मिक्सी और चार स्टील बाल्टी तथा लायन मूलचंद लड्ढा ने एक वजन मापी मशीन देने की घोषणा की। इस अवसर पर अध्यक्ष लॉयन पारस चोपड़ा, लायन अवतार सिंह मल्होत्रा, लायन ताराचंद चांडक, लायन नासिर अली सैफी, लायन सलीम कुरैशी, लायन मुकेशकांत साहू आदि उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की पांच टीम ने ली मैराथन समीक्षा बैठक

**महासमुंद।** जिले में सेक्टर बैठक एवं फील्ड भ्रमण के लिए गठित जिला स्तरीय 05 टीमों द्वारा तुमगांव, बागबाहरा, पिथौरा, सरायपाली, बसना सेक्टर बैठक में पहुंचकर समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की मैराथन समीक्षा की गई। टीमों द्वारा प्रमुख रूप से आरसीएच 2.0, शत-प्रतिशत गर्भवती पंजीयन, संस्थागत प्रसव, उच्च जोखिम गर्भवती (एचआरपी) की पहचान एवं फॉलोअप, एएनसी/पीएनसी सेवाएं, टीकाकरण सत्र, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में कमी, परिवार नियोजन, पोषण अभियान, एनीमिया मुक्त भारत, एनसीडी (बीपी-शुगर स्क्रीनिंग), आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, कायाकल्प फाइलेरिया दवा सेवन (एमडीए), टीबी/एनटीईपी, कुष्ठ/एनएलईपी, आधार बेस्ड अटेंडेंस, रिपोर्टिंग एवं डेटा गुणवत्ता, स्वास्थ्यांक सहित अन्य सभी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने निर्देशित किया कि सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गर्भवती पंजीयन शत प्रतिशत, संस्थागत प्रसव में वृद्धि, टीकाकरण कवरेज, मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी, फाइलेरिया दवा सेवन अभियान में शत-प्रतिशत कवरेज, टीबी एवं कुष्ठ कार्यक्रम में सक्रिय खोज, बीपी-शुगर स्क्रीनिंग, पोषण एवं एनीमिया नियंत्रण, कायाकल्प के तहत स्वच्छता एवं गुणवत्ता सुधार तथा आधार बेस्ड अटेंडेंस एवं रिपोर्टिंग व्यवस्था को नियमित व सही ढंग से अपडेट करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य संकेतकों पर बेहतर प्रगति लाने के लिए सतत कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया।

**महाशिवरात्रि पर्व : दिनभर चला भजन-कीर्तन और भंडारा**

# महाशिवरात्रि पर सिद्धेश्वर मंदिर में उमड़े श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

रविवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर समूचा अँचल शिवमय रहा अँचल के जारा, अमेठी, बाँसबिनौरी आदि शिवालियों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली जंहा लोग सुबह से कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजा अर्चना की।

पलारी के ऐतिहासिक सिद्धेश्वर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तड़के भोर से ही भक्तजन भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए कतारबद्ध होकर अपनी आस्था प्रकट करते रहे। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा और पूरा क्षेत्र शिवमय वातावरण में डूबा नजर आया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना की। मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर दिव्य आभा से आलोकित रहा। सिद्धेश्वर तट पर मेले जैसा माहौल रहा इस दौरान पुलिस प्रशासन व्यवस्थित करने में मुस्तैद रही।

### विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

इस अवसर पर सिद्धेश्वर समिति द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्यों ने सेवा भाव से व्यवस्था संभाली और भक्तों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा।दिनभर भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थानीय भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत शिव भजनों ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। शाम तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही और पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर रहा।



### महाशिवरात्रि पर गूंजा 'हर-हर महादेव', मंदिरों में उमड़ी आस्था



**लवन।** महाशिवरात्रि शिव मंदिरों में भक्तों ने विधिवत पूजा पाठ किया एवं प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें विद्युत आपूर्ति वितरण केन्द्र लवन, जाड़ा तालाब लवन, बाजार चौक लवन, एवं जोरवा तालाब लवन में विधिवत शिवलिंग स्थापना कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से स्वाति साहू जेई,मनोज साहू क्लर्क ,संजोग वारेन, संजय यादव, बनवारी बार्वे, पुनीत बघेल, राजू साहू, सोहन साहू, भोजराम डहरिया, अमारु, सुरेन्द्र कुमार बघेल, जितेन्द्र कुमार साहू, रामप्रसाद, हरिश, रामकुमार, सूर्यकांत, सजन, धनराज, सुनील, छबीराम, सीता राम, विजय,गोरे,शिवा आदि भक्त प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

### बिनौरी में शिव भक्तों ने बांटी खीर पुड़ी

**पलारी।** महाशिवरात्रि की पावन पर्व में ग्राम पंचायत बिनौरी बाजार चौक में हवन पूजा अर्चना किया गया पश्चात खीर पुडी का प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर वरिष्ठ नागरिक महेतरिन साहू ,पूर्व सरपंच रंजन संतराम साहू, संतोष साहू, सरोज साहू, सरपंच किरण सनकुमार साहू, डॉ, जितेन्द्र कुमार, सीमा साहू, स्वाति चंद्रकुमार साहू, छबेली खिलेश्वर साहू,चंद्रकला पवन साहू,भूपेंद्र दिपिका साहू, तामेश्वरी सुभाष साहू, महेन्द्र तारणि साहू, यशवंत साहू, दुलेश साहू, कुमारी लीतू साहू, आयुष साहू, अतुल साहू,मनी, पूजा यादव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



## महाशिवरात्रि पर हुई भगवान की प्राण प्रतिष्ठा, भंडारे में उमड़ी आस्था



**खरोरा।** शिव मंदिर कॉलोनी में महाशिवरात्रि पर्व अत्यंत श्रद्धा उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण के साथ मनाया गया। कॉलोनी वासियों के सहयोग से प्रदीप वर्मा परिवार द्वारा भगवान शिव, भगवान कार्तिकेय तथा भगवान गणेश एवं बजरंगबली हनुमान की विधि-विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर यजमान के रूप में विशेषर वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी श्री मति कंचन वर्मा मुख्य रूप से सम्मिलित हुई।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन, हवन, एवं महाआरती का आयोजन किया गया, जिससे संपूर्ण कॉलोनी शिवमय हो उठी और श्रद्धालुओं में विशेष आध्यामिक उत्साह देखा गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोग भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में समस्त कॉलोनी वासियों का विशेष सहयोग रहा। मुख्य रूप से पटवारी योगेश सिन्हा, हीरालाल देवांगन, संजय बंछोर, कुमारी, तानिया, सुरेंद्र कुमार वर्मा, दुलारी वर्मा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## आत्मानंद विद्यालय में हुआ पूर्व छात्र सम्मेलन, यादों से सराबोर हुआ परिसर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी/अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पलारी में पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन उत्साह एवं आत्मीयता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न वर्षों के पूर्व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और अपने अनुभव साझा कर विद्यालयीन जीवन की यादों को ताजा किया।

- आकर्षक उपाधियों से हुआ सम्मान, सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों ने बढ़ाई रौनक

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकों ने पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय की वास्तविक पहचान उसके विद्यार्थी होते हैं। जब विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त कर समाज में उत्कृष्ट कार्य करते हैं, तो वह पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय होता है। पूर्व विद्यार्थियों में वर्तमान में नगर पंचायत अध्यक्ष व एसएमडीसी अध्यक्ष अमित वर्मा सहित पूर्व छात्रों ने कहा कि पुराने साथी मिले तो यादे ताजा हो गई यह पल ताउम्र दिलो में बसा रहेगा,आगे कहा कि इस विद्यालय ने उन्हें केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अनुशासन, संस्कार और जीवन मूल्यों की सीख दी जिस कारण से हम सब किसी न किसी मुकाम पर है। विद्यालय में बिताए गए पल, शिक्षकों का मार्गदर्शन, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों की स्मृतियाँ आज भी उनके जीवन की अमूल्य धरोहर हैं। पूर्व छात्रों के लिए खेल,संगीत,का कार्यक्रम रखा गया था।

### ये रहे उपस्थित

उक्त अवसर पर संजू वर्मा,अंजना वर्मा,जी आर ध्रुव, बीडी भारद्वाज, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा,डोमार वर्मा, ताजेन्द्र कन्नौजे, छतर सिंह बंजारे, निलेश कुमार वर्मा, दुर्गेश कुमार साहू, रामकुमार साहू, मंगलू राम, किरण ठाकुर, भावना कुमार कुर्रे, खीरोन निषाद, योगेश साहू, उमेश पटेल, भीम आदि उपस्थित थे।

### इन्हे मिला सम्मान

समारोह के विशेष आकर्षक के रूप में विभिन्न सम्मान एवं उपाधियां प्रदान की गई मिस्टर एलुमनी संतोष कोसले, मिसेज एलुमनी ईश्वरी साहू,रॉकस्टार गोपी साहू नपाध्यक्ष,बेस्ट स्माइल लोकेश कन्नौजे,लाफिंग किंग दिलीप बरतामसी ट्रेजरी ऑफिसर,लाफिंग क्वीन जीत कौर,टाइमलेस पर्सनैलिटी अमित वर्मा एसएमडीसी अध्यक्ष, आर्टिस्ट माइंड हेमलाल साहू, रॉयल प्रेजेंस नरेंद्र बंजारे आयुक्त, अंबिकापुर, साइलेंट ऑब्जर्वर गोविंद साहू, टॉकटिव मशीन मधुरानी, मिस्टर कॉन्फिडेंट अमित कुमार जायसवाल, ओबीडिएंट स्टूडेंट अभिषेक मोहबे रहे। प्राचार्य शिखा रानी कोसले ने सभी पूर्व छात्रों को मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया।

### ग्रामीण क्रिकेट मैच में रसौटा ने मारी बाज़ी

**पलारी।** यंग स्टार कोसमंदा के नेतृत्त्व में ग्रामीण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिसमें 32 टीमों ने भाग लिया फाइनल मैच मासुम क्रिकेट टीम रसौटा और यंग स्टार कोसमंदा के बीच खेला गया जिसमें रसौटा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 98 रन बनाए जवाब में कोसमंदा 59 रन में सिमट गई फाइनल मैच और सेमीफाइनल मैच के मैन आफ द मैच रसौटा से भुनेश्वर वर्मा रहे वही बेस्ट बालर भूपेंद्र वर्मा को मिला टूर्नामेंट में जानू फेकर, अमित साहू, अमृत फेकर, फिरोज साहू, देव कुमार यादव, भुनेश्वर वर्मा, विजय विश्वकर्मा, भूपेंद्र वर्मा, रजनीकांत विश्व कर्मा, गोपी विश्वकर्मा, अमन वर्मा, सुमीत साहू, जीत्तू यादव, अमृत विश्व कर्मा, अजय विश्व कर्मा, राजेश साहू, शुभम साहू आदि ने भाग लिया।



## दतरेंगी में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई संत रविदास की जयंती

**भाटापारा।** दतरेंगी में संत गुरु रविदास जी की जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में विधायक इन्द्र साव, मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत विधायक द्वारा संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में स्थानीय भजन मंडलियों ने संत रविदास की अमृतवाणी और भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

विधायक इन्द्र साव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास ने मन चंगा तो कठौती में गंगा का कालजयी संदेश देकर समाज को आंतरिक शुद्धि और कर्मठता का मार्ग दिखाया था।



उन्होंने कहा कि गुरु जी ने सदैव जाति-पाति और ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर मानवता और समानता पर आधारित समाज की कल्पना की थी। विधायक ने युवाओं से उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। विधायक ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।

**ये रहे उपस्थित :** समारोह में रामरतन डांडेकर, प्रीतम बघेल, भगेला डोन्डे पूर्व पंच, संतोष कुमार डोन्डे शिक्षक, डॉ. रोहित बघेल पूर्व पंच, डॉ. हरिशंकर बघेल, आरती बघेल, कुमारी डोन्डे पूर्व पंच, गणमान्य नागरिक, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन**

## अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व की भावना को मजबूत करता है फुटबॉल : इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

सर्कस मैदान मे सम्राट फूटबाल क्लब के तत्वावधान मे दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का समापन हुआ,जिसमें रायगढ़ की टीम विजेता और भाटापारा की टीम उप विजेता रही,इस समापन अवसर पर विधायक इंद्र साव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रो से आये टीम ने हिस्सा लिया। रायगढ़ एवं भाटापारा के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबला हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इंद्र साव ने कहा कि नगर में लगभग आठ वर्ष बाद फूटबाल खेल यहां देखने को मिल रहा है। राज्य स्तरीय यह आयोजन युवाओं क़ो खेल के क्षेत्र मे प्रेरणा के साथ खेल प्रेमियों के लिए बड़ी सौगात भी है इस आयोजन से भाटापारा गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि यह खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं तथा फुटबॉल का यह खेल अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व की भावना को मजबूत करता है।उन्होंने कहा कि आज जब सब तरफ क्रिकेट का बुखार छाया हुआ है तो वही फुटबॉल के इस खेल की दीवानगी भी नगर में कम नहीं है,जिसके लिए आयोजक गण निः संदेह रूप से बधाई के पात्र है।इसके पूर्व मुख्य अतिथि श्री साव ने फाइनल खेल रही टीम के दोनों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया विधायक साव ने विजेता एवं उप विजेता टीम को नगद राशि,शील्ड एवं मेडल पहनाकर खिलाड़यों क़ो सम्मानित किया, उन्होंने भविष्य मे आयोजन के लिए हर सम्भव मदद की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ईश्वर सिंह ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, तोरन साहू एवं आयोजन समिति के लोग उपस्थित थे।



**स्व. केतन बघेल की स्मृति में आयोजित टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल**

# वार्ड क्र. 4 ने जीती खरोरा प्रीमियम लीग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नगर पंचायत खरोरा मे स्वर्गीय केतन बघेल की स्मृति में आयोजित नगर पंचायत खरोरा प्रीमियम लीग के फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समारोह के फाइनल मैच वार्ड नं 4 और वार्ड नं 3 के बीच खेला गया। जिसमे वार्ड 4 ने आयोजन के प्रथम वर्ष में विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वार्ड नं 3 की टीम ने 190 रनों के लक्ष्य दिया जिसे मैच के एक ओवर पहले ही वार्ड नं 04 के बल्लेबाजों ने लक्ष्य पूरा किया। टूर्नामेंट में वार्ड नं 03 के बल्लेबाज भूपेंद्र निषाद ने मैन ऑफ द सिरीज़ अपने नाम कर नगर के उपाध्यक्ष श्री सुमित सेन द्वारा घोषित रेंजर साइकल और कप अपने नाम किया। वही पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के राष्ट्रिय महासचिव श्री पूर्णचन्द्र कोको पाढी ने शिरकत करने खरोरा पहुंचे जहां जुबैर अली के नेतृत्व मे सैकड़ो युवाओं ने जिसमे खुबी डहरिया , मिराज राशिद, भानू भट्ट , संतोष पंसारी मोहन जयसवाल फैजान अली, हसनैन रजा,ने डोल बाजे फूल माला के साथ भव्य स्वागत करते कार्यक्रम स्थल लाया गया युवाओ ने अपने बीच कोको पाणी को पाकर खुस हुआ और आयोजन की भव्यता, बढ़ाई एवं अपने उद्बोधन में कोको पागी ने आयोजन समिति को शानदार आयोजन के लिए बधाई दी और कहां देश समाज को आगे बढाने मे खेल का अपना अलग महत्व है खेल से जहां शारीरिक मानसिक बल मिलता है वही शरीर स्वस्थ होने से सकरात्मक विचारो का मन मे संचार होता है। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे हर्षित शर्मा ने आयोजन समिति का उत्त्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर के वीरिष्ट नागरिक हरजीत सिंह छाबड़ा जी मौजूद रहे और शानदार आयोजन के लिये तारीफ की



### स्वर्गीय केतन बघेल को दी गई श्रद्धांजलि

सभी अतिथियों एवम आयोजक समिति के संरक्षक ज़ुबैर अली बबलू भाटिया एवम सुमित सेन एवं आयोजक समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र पंसारी उपाध्यक्ष राशिद अली मोहन जायसवाल सोनू खान मुन्ना यदि एवं नगर के समस्त नागरिकों ने स्वर्गीय केतन बघेल की याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम मे मंच संचालन कर रहे जुबैर अली ने खरोरा नगरवासियों के सहयोग के लिए अभार प्रकट करते नगर के युवाओ के नशे से दूर रहने की अपील करते सभी खिलाडियों के खेल भावना के लिये धन्यवाद प्रेषित किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411